तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024



11 अतिरिक्त सचिव ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम...



12 555 वें प्रकाश पर्व को लेकर दिखी रौनक हर्षोल्लास...







श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### करंट लगने से बच्चे की मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानुप्रतापपुर निवासी 15 वर्षीय विकास कुमार कोमरे का बिजली करंट की चपेट में आने से 20 अक्टूबर को मौत हो गया। मृतक को ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डबरी में गिरने से बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत नरेटीटोला में 2 साल के बच्चे का डबरी में गिरने से मौत हो गया। नरेटीटोला निवासी सुखचंद मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक अरूण कुमार अपने दादा के साथ लाड़ी की ओर गया था। खेलते-खेलते अचानक डबरी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत कोदाभाट निवासी 32 वर्षीय पवन पोटाई का 14 नवंबर को अज्ञात कारणो के चलते मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की बैठक होगी कल

**कांकेर।** लघुवेतन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार प्रत्येक विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक चर्चा एवं रणननीति तैयार करने के लिए विभागवार आदिम जाति कल्याण, स्कूल शिक्षा, वन, लोक निर्माण, जल संसाधन, स्वास्थ्य, रेशम, पंचायत एवं समाज कल्याण, पीएचई, सहकारिता, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं अन्य सभी विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक 17 नवंबर को सुबह 11 बजे पूर्व कन्या महाविद्यालय कांकेर घड़ी चौक माहुरबंदपारा में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में विभागवार कार्यरत चतुर्थ श्रेणी नियमित, दैनिक वेतन भोगी, आकस्मिकता स्थापना, कार्यभारिता तथा स्वीपर पद के विरूद्ध कर्मचारियों की सूची के साथ उपस्थित होना है।

### गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन, महोत्सव का आयोजन होगा 17 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन महोत्सव का आयोजन 17 नवंबर रविवार को 11 बजे से ग्राम पुजारीपारा कलंगपुरी में आयोजन किया जाएगा। यादव समाज के ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल राम यादव एवं ब्लॉक संरक्षक मेहतरू राम यादव ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण भगवान की असीम कृपा से यादव समाज के तत्वावधान में कृष्णा शोभायात्रा मंगल कलश एवं अहीर शौर्य प्रदर्शन राउत नृत्य महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा के विधायक सावित्री मनोज मंडावी, अध्यक्षता सुदामा यादव एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में ब्लाक स्तरीय गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

## जननायक बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयंती पर शानदार समारोह का आयोजन किया गया

# अपनी संस्कृति-परंपराओं को जिस देश ने भूला उन्हें इतिहास भी भुला देता है : मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जनजातीय गौरव दिवस समारोह को प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअली संबोधित
- आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति सहेजने के साथ-साथ जागरूक होने की है जरूरत

झारखण्ड के आदिवासी जननायक बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन देश भर में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार राज्य के जमुई में आयोजित समारोह में शामिल होकर संबोधित किया, जिसका वर्चुअली सीधा प्रसारण हुआ। जिला स्तर पर इसके ऑडियो विजुअल की व्यवस्था पीएमश्री शाउमावि नरहरदेव में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहे।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनजाति महा न्याय योजना सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारम्भ करते हुए 6600 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और साथ ही आदिवासी आंदोलन के प्रणेता बिरसा मुण्डा की शहादत का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के इतने सालों बाद भी आदिवासी समाज को वह स्थान नहीं मिला, जिसका वह हकदार है। सरकार उनके विकास और प्रगति को दृष्टिगत रखते हुए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ वे अवश्य लें। प्रधानमंत्री के वर्चुअल उद्बोधन के उपरांत आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक ने मुख्य अतिथि की आसंदी से बिरसा मुंडा की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि जिन देशों ने अपनी संस्कृति और परम्पराओं को भूला है, इतिहास ने उन्हें ही भुला दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर आदिवासी समाज की द्रोपदी मुर्मू को स्थान दिया, यह पूरे देश के लिए सम्मान की बात है। आदिवासी समाज के उपस्थित वरिष्ठजनों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए शिक्षित और जागरूक बनने की अपील ▶▶|शेष पेज 10 पर





### उल्लेखनीय कार्य के लिए हुए सम्मानित

आदिवासी विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित जनजाति गौरव दिवस समारोह के अवसर पर मंचस्थ अतिथियों के द्वारा जिले के 104 हितग्राहियों को सम्मानित किया गया, जिनमें जनजाति पारंपरिक वैद्यों, बैगा, सिरहा के माध्यम से उपचार के लिए प्रदर्शनी एवं अभिलेखीकरण के लिए 08 लोगों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शहीद परिवार के 04 सदस्य, जनजाति हितों के लिए कार्य करने वाले 03 स्वयंसेवी संस्था, जनजाति विद्रोह के नायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के 04 सदस्यों का सम्मान, 02 विशेष पिछड़ी जनजातियों का सम्मान, 05 सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त ग्रामों का सम्मान, गोंडवाना समाज के 10 पदाधिकारियों का सम्मान, 11 प्रमुख तथा संगठन पदाधिकारियों का सम्मान, विभिन्न खेलों के 08 प्रतिभागियों का सम्मान, गोंडवाना एवं अन्य समाज के 49 प्रमुखों को सम्मानित करते हुए अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## स्कूटी की ठोकर से बच्ची और महिला हुई घायल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के मेन चौक के पास बस का इंतजार कर रहें बच्ची और महिला को स्कूटी सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बच्ची को गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वही महिला को मामूली चोट आई है।




थाना में शिकायत करने पहुंचे कलंगपुरी निवासी 60 वर्षीय लखन जैन पिता स्व. श्यामलाल जैन ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। अपनी पत्नी जमुना बाई जैन और नातिन लेखनी जैन के साथ मोटर सायकल में सवार होकर 14 नवंबर को सुबह करीबन 10 भानुप्रतापपुर आए थे। मोटर सायकल को बस स्टैण्ड में भागीराम जैन के घर में छोड़कर तीनों पैदल नरसिंहपुर जाने के लिए मेन चौक भानुप्रतापपुर में पहुंचकर खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। संबलपुर की ओर से मेन चौक की ओर आ रही आरोपी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 6147 का चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरी नातिन और पत्नी को पीछे से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। ठोकर लगने से दोनो गिर गए, गिरने से नातिन के दाहिना हाथ व कमर में तथा पत्नी को बांए पैर में चोट लगा है। नातिन को गंभीर चोट आने की वजह से शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर में भर्ती कराकर ईलाज करा रहा हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## ताला तोड़कर दुकान में चोरी की, दो आरोपी 24 घंटे में जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नकदी समेत 65 हजार के कपड़ों की चोरी

कांकेर पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर दुकान के शटर का तोड़कर दुकान अंदर के कांउटर में रखे चिल्हर सिक्के करीबन 20 हजार रूपएं, दो नग तेल टीना कीमत 4 हजार रूपएं, बनियान, अंडरवियर, टीशर्ट का पैकेट कीमत 30 रूपएं एवं अन्य सामान कीमत 10 हजार रूपएं कुल 64 हजार की चोरी करने वाले दो चोर को दबोचा और जेल की सलाखों में भेजा गया।

विवेचना के दौरान कांकेर पुलिस को मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर संजय नगर कांकेर निवासी मो. ईरफान उर्फ बगदादी तथा ईरफान खान उर्फ बगदादी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मैं अपने साथी ईरफान खान के साथ घूमडमल जनरल स्टोर का ताला राड से तोड़कर दुकान के अंदर गल्ला से चिल्हर सिक्का एक, दो, पांच, दस, बीस के सिक्के एवं दुकान में बिक्री के लिए रखा टूथ ब्रश, लिखने वाला पेन, डियो प्रफ्युम, रेजर, टार्च टी शर्ट व अंडर वियर तथा 2 टीना तेल को चोरी कर अपने साथी ईमरान के साथ लेकर लूना में कृषि विज्ञान केन्द्र के पास हाइवे में ले जाकर राहगीरों को 1500-1500 रूपएं में बिक्री करना तथा तेल बिक्री में मिले 3 हजार रूपएं को शराब पीने और ढाबा जाकर खाना खाने में खर्च करना बताया। पुलिस ने दोनो चोर से 7 हजार 672 रूपएं का जनरल सामान तथा 8 हजार 926 रूपएं का चिल्हर सिक्का कुल 16 हजार 598 रूपएं का मशरूका एवं ताला तोड़ने वाले राड को ईरफान रजा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 0813 को जप्त किया गया है। आरोपियों को 15 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल की सलाखों में भेजा गया।

विदित हो कि कांकेर थाना में 14 नवंबर को राजापारा निवासी राधा कृष्ण मोटवानी पिता स्व. गुरुमुखदास मोटवानी ने पुलिस को बताया था कि दुकान में ताला लगाकर 13 नवंबर की रात 10 बजें ▶▶|शेष पेज 10 पर

## भाजपा धनेलीकन्हार मंडल की बूथ समिति को लेकर हुई बैठक

**धनेलीकन्हार।** धनेलीकन्हार मंडल के सातो शक्ति केन्द्रों की बैठक संगठन महापर्व मंडल सहयोगी नंदकुमार ओझा व सहसहयोगी मोतीराम नाग और मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक क उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में बूथ स्तर पर स्थानीय समिति के चुनाव के लिए सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति की गई है ।



आयोजित बैठक में स्थानीय समिति में पदाधिकारी सहित 25 कार्यकर्ताओं की टीम बनाने की जानकारी दी गई, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, बीएलए 2 के अलावा युवा मोर्चा प्रमुख , महिला मोर्चा प्रमुख , व्हाट्सएप प्रमुख, मन की बात प्रमुख , स्वच्छता प्रमुख , की वोटर प्रमुख , मोटर साइकल प्रमुख , छह कार्यक्रम प्रमुख , सामाजिक प्रमुख , दीप कमल प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख , पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे। शक्ति केन्द्र धनेलीकन्हार के सहयोगी डाकेश साहू, सहसहयोगी रमेश साहू , कोदागांव शक्ति केन्द्र सहयोगी लोकेश्वर सेन, सहसहयोगी दिलीप सिंह राजपूत , तालाकुरा शक्ति केन्द्र सहयोगी अब्दुल खलील खान, सह सहयोगी अमर सिंग बढ़ई , डोमाहर्रा शक्ति केन्द्र सहयोगी हेमलाल गढिया ,सह सहयोगी अजय पटेल तेलावट शक्ति केन्द्र सहयोगी किरण दरों , सह सहयोगी नम्मुराम खरे, धनतुलसी शक्ति केन्द्र सहयोगी तीलक नाग, सहसहयोगी अशोक कचलाम, पीढापाल शक्ति केन्द्र सहयोगी सितम्बर कावड़े, सह सहयोगी अनिल नाग ने अपने ▶▶|शेष पेज 10 पर

## वाहन की टक्कर से सफाई कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- चालक के खिलाफ मामला दर्ज

नगर पंचायत अंतागढ़ में डोर टू डोर जाकर कचरा इकट्ठा करने वाले सफाई कर्मचारी को आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर घायल कर दिया। घायल सफाई कर्मचारी को अंतागढ़ के अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सफाई कर्मचारी का पति अस्पताल पहुंचा और घटना के बारे जानकारी लेकर थाना में शिकायत दर्ज कराया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे देहारीपारा निवासी दिनेश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि कुली मजदूरी का काम करता हूं। मेरी पत्नि पदमनी ठाकुर नगर पंचायत अंतागढ़ में डोर टू डोर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है और 14 नवंबर को रोज की तहर काम पर गई थी। मुझे फोन के माध्यम से जानकारी मिला कि पत्नि पदमनी ठाकुर का एक्सीडेंट हो गया है, अंतागढ अस्पताल मे भर्ती है। तब अस्पताल जाकर देखा तो मेरी पत्नि पदमनी ठाकुर अस्पताल मे भर्ती थी, जिसे पूछताछ करने पर बताई कि लगभग दोपहर 12 बजे मद्रासीपारा से ई-रिक्शा से डोर टू डोर कचरा इकठ्ठा करते हुए वापस मनी कंचन कचरा गोदाम जा रहे थे। ई-रिक्शा मे बैठी थी और मेरे साथी सांवली बाई भोयर कचरा इकठ्ठा कर रही थी, तभी टाईल्स दुकान मद्रासीपारा के सामने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 5762 के चालक अंतागढ़ निवासी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में आरक्षण पर बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- संगठन को मजबूत करने पर की चर्चा, संभाग स्तर पर बनेगी समिति

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग का बैठक संभाग मुख्यालय जगदलपुर में शौण्डिक समाज भवन धरमपुरा में आयोजित किया गया जिसमें बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर के सर्व पिछड़ा वर्ग समाज, पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के समस्त जिलाध्यक्ष, संरक्षक ब्लॉक अध्यक्ष सहित जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजित बैठक में बस्तर संभाग में पिछड़ा वर्ग समाज को गति देने वाले संगठनों के पदाधिकारी संयुक्त रूप से एक संगठन छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग बस्तर संभाग के संबंध में चर्चा किया गया। संगठन को संगठित करने के लिए प्रत्येक जिला से सात -सात सदस्य संभाग स्तर पर गठित होने वाले कोर कमेटी के लिए नाम प्रस्तावित कर भेजने के लिए ▶▶|शेष पेज 10 पर

## इसी मास में कश्यप ऋषि ने सुन्दर कश्मीर प्रदेश की रचना की थी

# सतयुग में नए वर्ष का शुभारंभ होता था मार्गशीर्ष महीने से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मार्गशीर्ष महीना का भगवान श्रीकृष्ण से है सीधा संबंध, इसका उल्लेख भगवत गीता में भी है

सनातन धर्म में साल के सभी बारह महीनों को विशेष महत्व दिया गया है। प्रत्येक माह किसी न किसी देवता को समर्पित है। हिंदू धर्म में अगहन यानी मार्गशीर्ष महीना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इसे हिंदी का 9 वां महीना माना जाता है। सतयुग में देवों ने मार्गशीर्ष मास की प्रथम तिथि को ही वर्ष प्रारम्भ किया था। इसी मास में कश्यप ऋषि ने सुन्दर कश्मीर प्रदेश की रचना की थी।

अगहन माह शंख पूजा का भी विशेष महत्व बताया गया है। यह महीना शुभ कार्य करने का भी महीना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मार्गशीर्ष माह भगवान श्री कृष्ण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस महीने भगवान कृष्ण की पूजा करने से मनुष्य जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। मार्गशीर्ष माह 16 नवंबर 2024 से शुरू होकर 15 दिसंबर 2024 तक रहेगा। इसके बाद पौष माह की शुरुआत होती है। इस वर्ष मार्गशीर्ष माह के पहले दिन वृश्चिक संक्रांति भी मनाई जाती है। इस दिन सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। मार्गशीर्ष माह को भगवान श्री कृष्ण की पूजा के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस महीने में जप तप और ध्यान करने से सभी तरह के बिगड़े कार्य बन जाते हैं। इस महीने अगर आप कान्हा मंत्र का जाप करेंगे तो आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं को मार्गशीर्ष बताया है। श्री कृष्ण कहते हैं बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम्। मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकर अर्थात मैं सामों में बृहत्साम, छन्दों में गायत्री, मासों में मार्गशीर्ष और ऋतुओं में बसन्त ऋतु मैं हूँ। इस श्लोक के माध्यम से श्रीकृष्ण ने स्वंय को मार्गशीर्ष महीना बताया है।




### मार्गशीर्ष माह में ऐसा भी कर सकते है

मार्गशीर्ष माह में विष्णुशास्त्र नाम, भागवत गीता और गजेंद्रमोक्ष का पाठ अवश्य करें। इससे पितरों को मोक्ष मिलता है और जीवन में खुशहाली भी आती है। मार्गशीर्ष माह में एक शंख में पवित्र नदी का जल भरकर अपने पूजा स्थान पर रखें। मंत्र जाप करते हुए शंख को भगवान के ऊपर घुमाएं। फिर शंख से भरे पानी को घर के हर कोने में छिड़कें। इससे समृद्धि बढ़ती है। संतान प्राप्ति और सुखी जीवन जीने के लिए मार्गशीर्ष माह की सुबह और शाम भगवान कृष्ण की पूजा करें। शास्त्रों के अनुसार यदि किसी की कुंडली में चंद्र दोष हो तो ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा से जुड़े उपाय करने से समस्या दूर हो सकती है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## गढ़िया में धान उपार्जन केंद्र का हुआ शुभारंभ



**लोहण्डीगुड़ा।** लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के उपार्जन केंद्र गढ़िया में शुक्रवार को भाजपा मंडल सदस्य के उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। भाजपा नेता भरत कश्यप ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन में किसान खुश हैं। हर किसानों का जन-कल्याण योजनाओं में हमेशा से भाजपा की प्राथमिकता रहा है। किसानों का धान समय पर खरीदी हो रही है। इस दौरान सावेंद्र सेठिया, रायधर मौर्य, केदार बघेल, सरपंच पति रमेश कश्यप, विकास खंड अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार कैलाश पोयाम, शाखा प्रबंधक दीपाली जैन, धान खरीदी प्रभारी, नोडल अधिकारी, पटवारी समेत संस्था के कर्मचारी उपस्थित थे।

## बैठक से पूर्व अफसर पहुंचे चित्रकोट, लिया जायजा



**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने शुक्रवार को चित्रकोट जलप्रपात स्थल पर 18 नवम्बर को आयोजित की जाने वाली बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के लिए तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## समाज के नाम पर भ्रम फैलाना अनुचित कोर्ट का निर्णय मान्य

**जगदलपुर।** मसीही समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा से मिलकर ब्लेस बस्तर के कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने अवगत कराया कि पूर्व में 8,9 एवं 10 नवम्बर को जो कार्यक्रम प्रस्तावित था उस कार्यक्रम के संबंध में लगे रिट पिटीशन पर उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय सुरक्षित रखा गया है, उक्त निर्णय का सम्मान करते हुए मसीह समाज ने न्यायालय के आदेशानुसार ही भविष्य में कार्यक्रम के बारे में निर्णय लेने की बात कही। समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि जो भी आदेश न्यायालय एवं जिला प्रशासन का होगा उसके अनुरूप ही समाज कार्य करेगा।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि कार्यक्रम नहीं होने के विरोध स्वरूप मसीही समाज के लोग आंदोलन करेंगे या प्रदर्शन करेंगे। इस बात का मसीही समाज ने विरोध किया है समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि मसीही समाज शांतिप्रिय समाज है एवं शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है।

# धान उपार्जन केंद्र कुम्हानखार में खरीदी का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

- खरीदी केंद्र खोलने की मांग को किया था पूरा : शोरी

तहसील सरोना के अंतर्गत कुम्हानखार के धान उपार्जन खरीदी केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने किया। इस अवसर पर गांव वालों एवं किसानों ने पूर्व विधायक का बाजे गाजे के साथ स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गए। कांटा बट का पूजा अर्चना कर धान उपार्जन खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया।

पूर्व विधायक ने कहा कि आज आप लोगों ने अपने गांव में बुलाकर जो सम्मान दिया उसका हमेशा आभारी रहूंगा। जब विधायक था तो आप सभी किसानों ने धान खरीदी केंद्र खोलने का मांग किया था,



जिसे मैंने पूरा किया था। पुल निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। नेता किसी भी पार्टी के बने उसे गांव के विकास के लिए हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। ग्राम पटेल बिशनलाल ने कहा कि आज हमारे गांव में धान उपार्जन खरीदी केंद्र का शुभारंभ हो रहा है, यह पूर्व कि देन है। पहले किसानों को धान बेचने में परेशानी उठानी नहीं पड़ती थी, अब हम अपने गांव में ही अपना धान को सरकारी समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारी विपणन समिति हेमलता परते, तिलकराम पटे, कमल ध्रुर्वा, शिवराम पटेल, मधुसूदन पटेल, रमाकांत शोरी, चंदन सिंह नेताम, तिहारू राम यादव, महंत नरेटी, बलराम यादव, रामचंद्र जैन, गणेश, सुधीर शोरी, देव प्रसाद यादव, झाड़ू राम मंडावी एवं राजेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आयोजन : मेंढक दौड़ में चिराग, इन आउट खेल में अमिषा रहीं प्रथम

# करांमाड़ स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस, हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

- स्पर्धाओं के विजेता किए गए पुरस्कृत

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत एएचबी डिजिटल पब्लिक स्कूल करांमाड़ दुर्गुकोंदल के द्वारा बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। शालेय परिवार के द्वारा कक्षा नर्सरी से लेकर 8वीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर फूलमाला, दीप प्रज्वलित कर गुलाल से चंदन वंदन अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमोल बेदरकर के द्वारा बाल दिवस के उद्देश्य को अपनी उद्बोधनों में विस्तार से रखा और साथ ही स्कूल के प्राचार्य चुम्मन लाल साहू के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर संक्षिप्त परिचय दिया गया। शिक्षिका अंजूला यादव ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए शिक्षाप्रद कविता का



वाचन किया एवं लक्ष्मी साहू के द्वारा इंग्लिश में कोटेशन, रजन्तिन यादव ने इंग्लिश में कहानी सुनाई। जिसका सारांश यह है कि करत करत अभ्यास कर जड़मति होत सूजान, रस्सी आवत जात है पाथर पड़त निशान।

बच्चों के विभिन्न प्रतियोगिताएं को शिक्षिका जीन्नत खान, जनीता जाड़े, लक्ष्मी टेकाम, मनेश सिन्हा के द्वारा निष्पादित किया गया। तत्पश्चात कक्षा नर्सरी से मेंढक दौड़ में चिराग पिद्दा प्रथम, दिव्यांश धनेलिया द्वितीय एवं अन्नया यादव तृतीय स्थान,कक्षा पीपी1 से चिड़िया उड़ में अन्विता टांडिया प्रथम, जान्शी सिन्हा द्वितीय एवं सुशांत पुडो.तृतीय स्थान, कक्षा पीपी2 से चिराग टेकाम प्रथम, रिषी ध्रुव द्वितीय एवं समीर नेताम तृतीय स्थान, कक्षा पहली से आंख खोल बंद कर खेल में आरव मोहट नरेटी प्रथम, मोक्षित लेड़िया द्वितीय एवं शान्वी नरेटी तृतीय स्थान, कक्षा दूसरी से बाटल पकड़ खेल में हार्दिक नरेटी प्रथम, ओम पटेल द्वितीय एवं प्रीतिका उसेंडी तृतीय स्थान, कक्षा तीसरी से सिर घुटना एवं कंधा छू खेल में पल्लवी विश्वास प्रथम, शिवेन्द्र उईके द्वितीय एवं हुमन कचलाम तृतीय स्थान, कक्षा चौथी से उन्नती सलाम प्रथम, खीना पुड़ो द्वितीय एवं रिषभ सिन्हा तृतीय स्थान, कक्षा पांचवीं से बाटल ड्रीक पैकिंग खेल में हिमान्शी यादव प्रथम, डीवन्श गावड़े द्वितीय एवं लावन्या उन्द्रा तृतीय स्थान, कक्षा छटवीं से माध्वी भूआर्य प्रथम, हसिना गावड़े द्वितीय एवं संजीत कोमरा तृतीय स्थान और साथ ही कक्षा सातवीं से इन आउट खेल में अमिषा कोमरा प्रथम, वैभवी मंडावी द्वितीय एवं वैशाली मंडावी तृतीय स्थान, कक्षा आठवीं से अनुष्का सेन प्रथम, खुशी वड्डे द्वितीय एवं सुजल दुग्गा तृतीय स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में सुपर पावर ग्रूप प्रथम, द कलर टाईगर द्वितीय एवं रंगोली ग्रूप तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं गणमान्य नागरिक के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों को खीर-पुड़ी वितरण किया गया एवं सभा समापन की घोषणा की गई।

# नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि दी और मनाया बाल दिवस



**कांकेर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन उनके छायाचित्र पर तिलक एवं माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने समस्त प्रदेशवासियों बाल दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बाल दिवस भारत में हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है। चूंकि वे बच्चों से बहुत स्नेह रखते थे, इसलिए उनका जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के प्रति अपने स्नेह के लिए जाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे राष्ट्र की सच्ची संपत्ति हैं। यह दिन बच्चों की सराहना करने और उन्हें स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है क्योंकि वे देश का भविष्य हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जहां कृषि की ओर विशेष ध्यान दिया गया वहीं देश में बड़े बड़े उद्योगों का भी निर्माण हुआ। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लाट को बनाने में भी नेहरू जी की विशेष भूमिका रही है एक तरह से नेहरू जी आधुनिक भारत के निर्माता थे। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष कमला गुप्ता ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में पं. नेहरू का अहम्-योगदान रहा है उनके प्रधानमंत्री के काल में देश में अनेक योजनाएं बनी, जिसका लाभ आज तक भारत वासियों को मिल रहा है। इस अवसर पर अनामिका उसेण्डी, रंजना पोटाई, सुनिता सलाम, मोना साहू, ममता ठाकुर, भूमिका कोरेटी, मीरा पाण्डे, किरण कावड़े, बिरमा मंडावी इत्यादि उपस्थित रहे।

## गुरुनानक जयंती पर सिंधु भवन में लंगर



**भानुप्रतापपुर।** गुरुनानक जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिक्ख समुदाय के द्वारा 8 दिन तक नगर में प्रभात फेरी निकाली और भजन कीर्तन किया गया। शुक्रवार को गुरुद्वारा और सिंधु समुदाय के द्वारा आम लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में बड़ी संख्या में समाजिकजन समुदाय व अन्य लोग पहुंचे।

# आजादी के समय संघर्ष के प्रतीक थे झारखंड के बिरसा मुंडा : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा अस्पताल चौक नरहरपुर में बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया और बिरसा मुंडा को याद किया गया।

मंडल अध्यक्ष व पार्षद मुकेश संचेती ने बताया कि बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और आदिवासी समुदाय के एक प्रमुख नेता थे। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलीहातू गाँव में हुआ था। बिरसा मुंडा का जीवन आदिवासी समाज के उत्थान और अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। बिरसा मुंडा ने न केवल राजनीतिक आंदोलन का नेतृत्व किया, बल्कि अपने समाज में



कई सामाजिक सुधार भी किए। उन्होंने आदिवासियों को अंधविश्वास, शराब, और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की शिक्षा दी। उन्होंने बिरसाई धर्म की स्थापना किया, जिसमें आदिवासी पहचान, परंपरा, और संस्कृति को पुनर्जीवित करने पर बल दिया गया। भारत में 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उनकी असाधारण वीरता और संघर्ष की पहचान है। बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास में आदिवासी समाज के गौरव और संघर्ष के प्रतीक माने जाते हैं।

**उलगुलान आंदोलन को आज भी करते हैं याद :** बिरसा मुंडा ने उलगुलान नामक आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसका अर्थ है महान विद्रोह। यह आंदोलन 1899-1900 के दौरान झारखंड और उसके आस-पास के क्षेत्रों में फैला। उनका उद्देश्य आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की पुनः प्राप्ति और अंग्रेजों द्वारा लगाए गए जमींदारी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करना था। उन्होंने अपने अनुयायियों को संगठित किया और अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष का अव्हान किया था।

आयोजित कार्यक्रम में मंडल महामंत्री संतोष भास्कर ,धनेश कौशिक लक्ष्मी नारायण साहू, अघन मरकाम, भागवत शोरी, आशा रावटे, तरुण निषाद, आशा राम जुर्री, मदन मोहन शर्मा, गंगू राम भारतद्वाज, सुखीत जैन सच्चू साहू, इतवारी यादव, शांता साहू, राजेश नाग, जागेशवर साहू व समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोगों ने इन्द्रावती में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को हजारों लोगों ने इन्द्रावती के महादेवघाट व ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था की डुबकी लगाई। रात दो बजे से लोगों का महादेव घाट में आना शुरू हो गया था। इन्द्रावती में स्नान के बाद लोगों ने महादेव के दर्शन कर इन्द्रावती मार्ग पर बैठे गरीबों में चावल व रुपए दान किए। बस्तर अंचल में कार्तिक पूर्णिमा शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने



इंद्रावती एवं अन्य नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर श्रद्धा भक्ति के साथ उत्सव मनाया। रात दो बजे से इंद्रावती नदी के महादेव घाट, गंगामुण्डा, चित्रकोट घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों का स्नान के लिए तांता लगा रहा लोग अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। स्नान कर लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन कर यथा शक्ति दान पुण्य भी किया। इस दौरान महादेव घाट मार्ग में पार्षद निर्मल पानिग्राही व अन्य वार्डवासियों द्वारा प्रसाद स्वरूप हलवा तथा पंच चौक व महादेव घाट चौक में भक्तों ने स्नान कर लौट रहे लोगों में चाय का वितरण किया जो सुबह तक जारी रहा।

### बकावंड एसडीएम ने जांच रिपोर्ट सौंपा कलेक्टर को

# आंध्र के पीडीएस चावल को नान में खपाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

विकासखंड बकावंड के ग्राम छोटे देवड़ा के नारायण राइस मिल में पकड़े गए आंध्रप्रदेश के पीडीएस के चावल को नागरिक आपूर्ति निगम में खपाने की तैयारी थी। इसका खुलासा मामले की जांच में हुआ है। जांच रिपोर्ट बकावंड एसडीएम ने कलेक्टर को सौंप दी है। गौरतलब है कि तहसीलदार नीतेश वर्मा, पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने बीते दिनों छोटे देवड़ा की नारायण राईस मिल में रात के समय तीन ट्रकों से अनलोड हो रहे 1500 बोरी चावल को जप्त किया था। टीम ने तीनों ट्रकों को भी जप्त कर लिया है। यह चावल आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा की एक राइस मिल से यहां पहुंचा था। ट्रक ड्राइवर से बरामद ई वे बिल चावल को ओड़िशा ले जाने के लिए कटा




**जांच रिपोर्ट कलेक्टर के सुपुर्द**

छोटे देवड़ा की राईस मिल में तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जांच रिपोर्ट को कलेक्टर के सुपुर्द किया जा चुका है।

- ऋषिकेश तिवारी
एसडीएम, बकावंड

था। खबर है कि जप्त चावल आंध्रप्रदेश शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है। राइस मिलर अपने कोटे के शेष बचे चावल के रूप में इसी चावल को छत्तीसगढ़ शासन के नागरिक आपूर्ति निगम में खपाने की फिराक में था, मगर उसके पहले ही मामले का भंडाफोड़ हो गया। मामले की जांच बकावंड एसडीएम और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने की थी। मामले की जांच रिपोर्ट बकावंड एसडीएम तिवारी द्वारा बुधवार को बस्तर कलेक्टर हरिस.एस को सौंप दी गई। सुकमा जिले में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल की अफरा-तफरी का मामला सामने आया था। मामले में कार्रवाई को लेकर तत्कालीन कलेक्टर सुर्खियों में रहे थे। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया था कि उक्त चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है, जो विजयवाड़ा की स्वस्तिक राईस मिल से ओड़िशा के लिये निकला था। जप्ती के दौरान राईस मिल संचालक द्वारा चावल मंगाये जाने के सबंध में कोई बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था। नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त राईस मिलर द्वारा अनुबंध के अनुसार अपने कोटे का लगभग 600 मिट्रिक टन चावल जमा नहीं कराया गया है। ऐसी खबर है कि दीगर प्रांतों से राशन की चावल प्लास्टिक बोरियों में मंगाकर जूट की बोरियों में पलटी कर और अपनी मिल का सील लगाकर उस चावल को राईस मिलर द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराने की तैयारी थी।

## पेज 9 के शेष

### अपनी संस्कृति-परंपराओं...

की और साथ ही केन्द्र सहित आदिवासी समाज के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और आदिवासी समाज को सतत आगे बढ़ने का आव्हान किया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रकृति की जड़ से जुड़े आदिवासी जल जंगल और जमीन के रखवाले होते हैं और वे अपनी संस्कृति और सामाजिक परम्पराओं को बेहतर ढंग से सहेजना जानते हैं। उन्होंने इन सबको संरक्षित करने के साथ-साथ समाज के निम्नतम स्तर तक शासन की योजनाओं की पहुंच धरातल पर उतारने व वास्तविक रूप से लाभ पहुंचाने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, पार्षद शालिनी राजपूत, महेश जैन जिला स्तरीय अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**योजनाएं कई संचालित, दिया जा रहा लाभ :** कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती की बधाई देते हुए बताया कि आकांक्षी योजना के तहत जिले के पिछड़े क्षेत्रों में विकास करने केन्द्र सरकार द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। पीएम जनमन, नियद नेल्लानार सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आदिवासी विकास और उत्थान के क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आकांक्षी ब्लॉक दुर्गुकोंदल और कोयलीबेड़ा में उच्च क्षमता वाले आवासीय छात्रावास निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका लाभ दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी और उनके पालकों को मिलेगा।

**हितग्रहियों को दी गई सामग्री :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और जिला अंत्यावसायी विभाग आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत विभिन्न व्यवसाय के लिए 03 हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान अंतर्गत 10-10 हजार रूपए का चेक वितरण किया गया। इसी तरह कृषि विभाग द्वारा हितग्राहियों को बीज मिनीकिट, स्प्रेयर वितरित किया गया।

### ताला तोड़कर दुकान..

घर चला गया था। चाबी को अपने पास रखा था। अगले दिन 14 नवंबर को दुब 9 बजें दुकान आया तो देखा दुकान के कांउटर के पास का सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा था। दुकान में चोरी होने की अंदेशा होने पर दुकान के काउंटर एवं अन्य जगहों को देखा तो दुकान के कांउटर में रखे चिल्लार सिक्के समेत सामान कुल कीमत 64 हजार रूपएं को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। तब दुकान में रखे सीसीटीव्ही फुटेज को देखा कि दुकान में एक अज्ञात व्यक्ति प्रवेश कर चोरी कर रहा था की रिपोर्ट पर अपराध 404/2024 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था।

### भाजपा धनेलीकन्हार मंडल की...

अपने शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले बूथो के लिए सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति की गई है। यह निर्णय लिया गया कि 21 नवंबर तक स्थानीय समिति का गठन करेगें।

### वाहन की टक्कर से...

नंदन मिश्रा ने अपनी वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे कमर, दाहिने पैर और दोनों हाथ मे चोट लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सर्व पिछड़ा वर्ग ...

जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है, ताकि सुचारू रूप से बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग के प्रत्येक गांव में ब्लॉक में एवं जिले में समाज के प्रत्येक समाज प्रमुखों के सहयोग से गठित किया जाएगा। तीन वर्ष के लिए ग्रामीण अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, संभाग अध्यक्ष का गठन करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव, ब्लॉक एवं जिले का प्रभारी बनाकर किया जा सके, ताकि संगठन हमेशा सुचारू रूप से चलता रहे। आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,नगर पालिका निर्वाचन के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है, बस्तर संभाग में पिछड़ा वर्ग को नगर पंचायत और ग्राम पंचायत में 25 प्रतिशत आरक्षण कैबिनेट में पारित कर विधानसभा में सरकार पारित करे। यह भी निर्णय लिया गया की अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को सभी क्षेत्रों में 27 प्रतिशत का आरक्षण प्रदाय किया जाए। कोर कमेटी द्वारा आगामी समय में बैठक कर पिछड़ा वर्ग समाज का उद्देश्य, संविधान, मांग पत्र आंदोलन एवं सम्मेलन आदि की रुपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर।** पखांजुर निवासी कार्तिक मिस्त्री का ईलाज के दौरान पखांजुर के निजी अस्पताल में 14 नवंबर को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बस्तर ओलंपिक के तृतीय दिवस में खेलों का हुआ महाकुंभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के खिलाड़ियों का महाकुंभ उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गुकोंदल में देखने को मिल रहा है। बस्तर ओलंपिक के तृतीय दिवस के समापन तक जिन खिलाड़ियों ने अपना स्थान सुरक्षित किया, उनमें सबजूनियर वर्ग के अंतर्गत रस्साकशी बालक प्रथम पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल, द्वितीय शाउमावि लोहत्तर, बालिका प्रथम शाउमावि कोंडे, द्वितीय ऊंची कूद बालक प्रथम वेदप्रकाश कुंजाम, द्वितीय मुनेश विश्वकर्मा, तृतीय देवकुमार, बालिका प्रथम दिशिका सलाम, द्वितीय देविका, तृतीय योगिता, लंबी कूद बालक प्रथम धन्नू राम कोवाची, द्वितीय साहिल निषाद, तृतीय लोकेश कोमरे, बालिका प्रथम ऋतु गावड़े, द्वितीय कीर्ति नरेटी, तृतीय विद्या आँचला, कबड्डी बालिका प्रथम शाउमावि कोंडे, द्वितीय शाउमावि मेडो, बैडमिंटन बालक प्रथम सागर, द्वितीय त्रिभुवन बालिका प्रथम साक्षी गावड़े, द्वितीयधनेश्वरी उइके पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल ने स्थान बनाया। उक्त खेलो को संपन्न कराने विभिन्न खेलो के संयोजक एसएस नेगी, जीआर कश्यप, पीएल पांडे, कुमुद धुर्व, रघुनाथ साहू, राजबत्ति पोटाई, निलखण्ड ठाकुर, गौरी शंकर नायक, इरशाद बोहरा अपने टीम के साथ खोलो को सम्पन्न कराने सयोग कर रहे है।

### भंडारडिग्गी में मनाया जनजाति गौरव दिवस



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी में जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुंडा की 150 की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के सरपंच धनेश नरेटी ने कहा कि बिरसा मुंडा अल्प आयु 19 वर्ष से अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। जल जंगल जमीन आदिवासी के हक के लिए लड़ाई लड़ी और इस लड़ाई में बहुत सारे आदिवासी मारे गए थे एवं लोगों के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी थी, जिसे आज केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा जन्मदिवस के अवसर पर गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम पंचायत मुख्यालय भंडारा डिग्गी में जन्मदिन के अवसर पर उन्हें याद करते हुए शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासियों के द्वारा पूजा अर्चना कर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया, जिसमें ग्राम पंचायत के उपसरपंच बिसाहू मरकाम, बृजलाल मरकाम, लच्छू राम नरेटी, रमेश कुमार नरेटी, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, ग्राम पंचायत के वार्ड पांच उपस्थित रहे।

**सुझाव : महिला समूहों को कुशल बनाने पैकेजिंग एवं मार्केटिंग प्रशिक्षण मुहैया कराने पर जोर**

# अतिरिक्त सचिव ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा करने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव केरेलिन खोंगवार देशमुख ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी जिला योजना के तहत अब तक क्रियान्वित कार्यों एवं गतिविधियों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्हांने महिला स्वसहायता समूहों और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देते हुए विभिन्न रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ने की बात कही और साथ ही स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, वन आदि विभागों में संचालित केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बैठक में जिले की प्रगति की जानकारी केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव को दी।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अतिरिक्त सचिव देशमुख ने केन्द्र शासन की मंशानुसार विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं को सबसे निचले स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक सुझाव कलेक्टर को दिए। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में समन्वित प्रयास करने पर उन्होंने जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने आकांक्षा जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत विभागीय गतिविधियों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी।




इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक लगभग 95 प्रतिशत लोगों का पंजीयन पूर्ण हो चुका है, जो कि कांकेर जिला राज्य में दूसरे स्थान पर है। इसी तरह टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव के मामले में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा कलेक्टर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र, राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की जिले में प्रगति के बारे में केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव को अवगत कराया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित गांवों की महिलाओं को जोड़े जाने तथा अतिरिक्त आय अर्जित करने की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्त 130 बैंक सखियों के द्वारा अब तक 46 करोड़ रूपए की लेनदेन की जा चुकी है। इस दौरान अतिरिक्त सचिव देशमुख ने कौशल विकास कार्यक्रम के तहत आजीविका महाविद्यालय व राष्ट्रीय ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अलावा समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की पैकेजिंग, मार्केटिंग लिंकेज तथा विपणन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिलाए जाने का सुझाव दिया। इसके अलावा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न विभागों में अब तक की भौतिक प्रगति की जानकारी केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव ने ली। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की सराहना की। बैठक में डीएफओ आलोक वाजपेयी, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### सुपोषण टोकरी एवं पाठ्य सामग्री किट की भेंट

बैठक के पश्चात केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव एवं कलेक्टर द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के तहत स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित मरीजों को सुपोषण टोकरी एवं पाठ्य सामग्री किट भेंट किया गया। उन्होंने ग्राम लिलेझर की कुमारी लोहिषा नेताम, ग्राम मैनपुर के डिकेश्वर नेताम, ग्राम नाथियानवागावं के प्रियांशु जुर्री, ग्राम मुरडोंगरी की अंजू नेताम, ग्राम खैरवाही के दीपांशु कांगे और ग्राम मयाना के दीपांशु कोरेटी को सुपोषण टोकरी एवं पाठ्य सामग्री भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

#### विभिन्न संस्थानों का किया निरीक्षण

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव केरेलिन खोंगवार देशमुख ने जिला प्रवास के दौरान समीक्षा बैठक उपरांत विभिन्न संस्थानों का अवलोकन एवं निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गोविन्दपुर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र एवं आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान, नंदनमारा के वृद्धाश्रम, ग्राम कोकपुर में महिला स्वसहायता समूहों के रोजगारमूलक कार्य, खमडोढ़गी में सीताफल प्रोसेसिंग, कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट में कुक्कुट पालन एवं नवाचारी फसल उत्पादन के संबंध में जानकारी ली।

## दुर्गुकोंदल के 44 ग्राम पंचायतों ने गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा की 15 0वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों और 128 गांवों में आयोजित बैठकों में सामुदायिक एकता और आदिवासी गौरव का शानदार प्रदर्शन हुआ। इन बैठकों में बिहान से जुड़ी महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सक्रिय रूप से शामिल हुए और बिरसा मुंडा के संघर्ष और उनके अद्वितीय योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयोजित कार्यक्रमों में विशेष रूप से बिरसा मुंडा के नेतृत्व में हुए आंदोलनों, उनके साहसिक योगदान, और आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। इसके अलावा पेसा एक्ट और वन अधिकार अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी गई, ताकि समुदाय अपने अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत हो सके। विकस के लक्ष्य और पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी तथा पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स पीडीआई पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही कार्यक्रम की सफलता में ब्लॉक कर्मचारी अधिकारी, शिक्षक, महिला समूह और सहयोगी संस्थाओं ने विशेष योगदान दिया। पीरामल प्रदान जो एक सहयोगी संस्था ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की निगरानी जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे और जीपीडीपी नोडल अधिकारी आरके किसोरे द्वारा की गई, जबकि तकनीकी सहायता सुधीर यादव महिला स्व सहायता समूह के बीपीएम नंदिनी दीवान ने प्रदान की। यह आयोजन आदिवासी समुदाय की एकता, गौरव और उनके अधिकारों के प्रति समर्पण को दर्शाता है और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## महाराष्ट्र से जोड़ती सड़क का बांदे में विधायक विक्रम ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांदे

बांदे पंचायत के अंतर्गत बांदे के मुख्य सड़क से निकली पीडब्ल्यूडी रोड जो कि महाराष्ट्र को जोड़ती सड़क का अंतागढ़ विधानसभा विधायक विक्रम देव उसेंडी के हाथों से उद्घाटन किया गया है।

विदित हो कि इस सड़क की कई वर्षों की मांग से की जा रही थी। पिछली कांग्रेस सरकार में भी कई बार आंदोलन किया गया फिर भी कांग्रेस सरकार की कानों पर जुँ तक न चाली और जैसे ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, विधायक विक्रम उसेंडी के प्रयास से सड़क को बजट में जुड़वाया और सड़क बनाने को लेकर भूमिपूजन किया। इस मौके पर पखांजुर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ के साथ उनके समस्त टीम और बांदे नगर के सभी क्षेत्रवासी इस सभा में बढ़ चढ़कर उपस्थित रहे।

बांदे मंडल के मंडल अध्यक्ष रतन हालदार एवं उनके साथ उनके पूरे टीम सदस्य एवं उनके सभी मोर्चा सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल, जनपद सदस्य खुकुमोनी अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में मनाया बाल दिवस

**दुर्गुकोंदल।** आधुनिक भारत के जनक, संस्थानों के निर्माता, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शिक्षक देवाराम कोठारे के नेतृत्व में बाल दिवस का आयोजन 14 नवंबर को प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में किया। बच्चों और शिक्षकों द्वारा चाचा नेहरू के चित्र पर विजय तिलक लगाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुष्पमाला चढ़ाकर बधाई व शुभकामनाएं दी गई। प्रधानपाठक सुमित्रा ने बच्चों को कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू लोकतांत्रिक, प्रगतिशील, निडर, दूरदर्शी थे। यही मूल्य हमारे आदर्श और हिंदुस्तान के आधारस्तंभ हैं और हमेशा रहेंग एवं वे हमारे स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण, कविता प्रस्तुत किया गया।




## माध्यमिक शाला चिनौरी में बाल दिवस का विविध आयोजन

■ शाला परिवार ने दिया बच्चों को पेन और चॉकलेट

**चारामा।** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिनौरी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मां शारदे एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुवात हुई। शाला के बच्चों द्वारा कवितापाठ भाषण और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बाल दिवस के संबंध में शाला प्रभारी सुरेश कुमार प्रधान, शिक्षिका कुसुमलता निषाद और शिक्षक ओमप्रकाश रात्रे ने अपनी बात को बच्चों के बीच में साझा किया। बाल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शाला परिवार के तरफ से सभी बच्चों को पेन और चॉकलेट दिया गया एवं न्यौता भेज के तहत पूड़ी सब्जी का व्यवस्था संस्था के प्रभारी सुरेश कुमार प्रधान द्वारा किया गया I कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक बोधन साहू और आभार व्यक्त शिक्षिका कुसुमलता निषाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यामिनी साहू, कौशिल्या नेताम, जोहतरीन कोर्राम, लखन नेताम उपस्थित रहे।




Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## चारामा में बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**चारामा।** धरती आबा महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में ब्लॉक चारामा के ग्राम दरगाहन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विधायक सावित्री मंडावी ने बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने न केवल देश की आजादी के लिए संघर्ष किया, बल्कि आदिवासी समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए भी जीवन समर्पित किया। उनका बलिदान और संघर्ष हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में श्रवण दर्रो, गौतम कुंजाम, शिव तुमरेटी, हीरा सिंग कोला, हरेसिंग नेताम, रवि नायक, नवली मीना मांडवी, मिथिलेश शोरी और अन्य गणमान्य शामिल रहे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

# असाक्षरों को किया जा रहा साक्षर महिलाएं दिखा रही रूचि, बढ़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शिक्षा से दूर रहे असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से मोहल्ले की महिलाओं को शिक्षित करने के लिए शहीद रामकुमार यादव शासकिय कन्या उमावि कांकेर की छात्रा लेशीका साहू जो कि स्काउट गाईट कैडेट है, शिक्षित कर रही है। मोहल्ले के एक सूने घर में पढ़ाई के प्रति रूचि दिखाने वाली महिलाओं को इकट्ठा कर रोज शाम साढ़े 7 बजे से प्राथमिक शिक्षा दे रही।

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम तहत स्वयं सेवकों के माध्यम से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिक्षा



ग्रहण करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि हमें कभी पढ़ाई करने का मौका नहीं मिला। पहले हमें शिक्षा का महत्व पता नहीं था। आज इस आधुनिक युग में हमें भी शिक्षा की आवश्यकता महसूस हो रही है। जैसे ही हमे जानकारी मिला कि हमारे मोहल्ला शीतलापारा की रहने वाली कक्षा 12 वीं की छात्रा असाक्षरों को शिक्षा दे रही है तो हमने भी पढ़ाई करने का निर्णय लिया।

स्वयंसेवकों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने वाले 5 वीं कक्षा से ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ शिक्षा संस्थानों, सामुदायिक भागीदारी के अंतर्गत स्व-सहायता समूह के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक, पंचायत कर्मी आदि का सहयोग लिया जा रहा है। योजना को स्वयंसेवा के माध्यम से लागू किया जा रहा है। प्रौढ़ शिक्षा का उद्देश्य उन प्रौढ व्यक्तियों को शैक्षिक विकल्प देना है, जिन्होंने यह अवसर गंवा दिया है और औपचारिक शिक्षा आयु को पार कर चुके हैं, लेकिन अब वे साक्षरता, आधारभूत शिक्षा, कौशल विकास और इसी तरह की अन्य शिक्षा सहित किसी तरह के ज्ञान की आवश्यकता का अनुभव करते हैं।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट
कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया गया राष्ट्रीय मूल्यांकन

**कांकेर।** राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (01 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 09 उप स्वास्थ्य केन्द्र) का राष्ट्रीय मूल्यांकन एनएचएसएचआरसी द्वारा नामांकित सदस्यों के टीम द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम में स्वास्थ्य केन्द्रों का 03 स्तर पर मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुसुरपुटटा को राज्य में सर्वाधिक 94.42 प्रतिशत एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोदागांव को 93.36 प्रतिशत एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पी.व्ही.-89 पखांजूर को 85.58 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 24 स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है एवं 38 अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का नामांकन किया गया है, जिसमें 38 में 01 सिविल अस्पताल पखांजूर 03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ, भानुप्रतापपुर एवं चारामा 04 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 30 उप स्वास्थ्य केन्द्र का नामांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम हेतु किया गया है, जिनका राष्ट्रीय मूल्यांकन अगले माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

### कन्या महाविद्यालय में 15 दिवसीय योग शिविर शुरू

**कांकेर।** शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में पीएम उषा योजनांतर्गत आयोजित 15 दिवसीय शिविर का शुभारंभ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. पुष्पा ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।मुख्य अतिथि की आसंदी से आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. पुष्पा ध्रुव ने 15 दिवसीय योग कार्यक्रम का 14 नवंबर को शुभारंभ करते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम सब शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। संस्था प्रमुख प्रोफेसर जेके बारले ने कहा कि छात्राओं को इस कार्यक्रम से अच्छा लाभ होगा। क्रीडाधिकारी महेन्द्र रजक ने बताया कि दुनिया में योग को बहुत ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने छात्राओं को पद्मासन, वज्रासन, वृक्षासन तथा सूर्य नमस्कार के साथ ही अनुलोम विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम करते हुए इनके महत्व बताते हुए इनका अभ्यास शिविरार्थियों के द्वारा कराया गया। पीएम उषा योजना का पहला कार्यक्रम रसायनशास्त्र की प्रोफेसर रीना जामुनकर के संयोजकत्व में प्रारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर प्रोफेसर बी. समुन्द, प्रोफेसर सुनील कुमार साहू, प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रोफेसर किशोर कुमार, प्रोफेसर आरती मरकाम, प्रोफेसर दीप्ति सोनी, ग्रंथपाल गुणवान जांगडे तथा कार्यालय से कृष्णा नाग, विमला नाग, हिमांशी कावडे तथा संतोषी दीवान उपस्थित रहे।

## गुरूदृारा में मत्था टेकने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# 555 वें प्रकाश पर्व को लेकर दिखी रौनक हर्षोल्लास से निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





गुरुनानक देव की जयंती पर प्रकाश पर्व सिंध तथा सिख समाज ने धूमधाम से मनाया। सिंध समाज ने सुबह बाइक रैली निकाली, दोपहर को लंगर का आयोजन किया तथा शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली। गोविंदपुर गुरूदृारा में सिख समाज ने अरदास, भजन कीर्तन के साथ आम लंगर का आयोजन किया। गुरूदृारा में मत्था टेकने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

सिंध समाज ने धर्मशाला में सुबह 10 बजे भोग साहब का आयोजन किया। 9 नवंबर से धर्मशाला में रोजाना सुबह पाठ साहब का आयोजन किया जा रहा था। 15 नवंबर को बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे तथा आरती में शामिल हुए। दोपहर 12 बजे डीजे के साथ बाइक रैली निकाली गई जो नया बसस्टैंड से शहर के पीजी कालेज, ऊपर नीचे रोड, कोमलदेव क्लब, सेन चौक से होकर सिंधी धर्मशाला पहुंची। बाइक रैली में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूषों तथा युवाओं ने भाग लिया। दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सिंध समाज के अलावा बड़ी संख्या में अन्य समाज के लोग भी पहुंचे। शाम को बाजागाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गुरूनानक चौक से मुख्य मार्ग होकर ऊपर नीचे रोड, कोमल देव क्लब, सेन चौक, झुलेलाल मंदिर से होकर पुराना बस स्टैंड पहुंची। यहां से राजापारा होकर वापस रमा लाज चौक पहुंची। शोभायात्रा का स्वागत राजस्थानी समाज, जेपी इंटरनेशनल स्कूल ने किया। सिंध धर्मशाला परिसर में सानिया नैनानी, वंशिका नैनानी ने गुरूनानक देव की रंगोली बनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनहरे कदम के महिला विंग व युवा विंग का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिंध समाज संरक्षक ध्यानचंद केवल रामानी, सतराम पंजाबी, धरमदास सबनानी, दिलीप खटवानी, राजकुमार फव्यानी, अध्यक्ष राजा देवनानी, ओमप्रकाश गिडलानी, राजकुमार पंजाबी, कमल लालवानी, मुकेश खटवानी, राकेश आहूजा, राकेश मोटवानी, पप्पू मोटवानी, जगदीश जसनानी, मनोहर लाल रवानी, राजू लच्छानी, जगदीश खटवानी, सचिन गिडलानी, दीपक पंजवानी, सन्नी खटवानी, सुनीता मोटवानी, दीपा जवरानी, जया असरानी, सुमन आहूजा, सुनहरे कदम की टीम व समाज के समस्तजनों ने योगदान दिया।

### गोविंदपुर गुरूद्वारा में भी लंगर का आयोजन

प्रकाश पर्व पर गोविंदपुर गुरूद्वारा को फूलों से सजाया गया था। सुबह 10 बजे कीर्तन शुरू हुआ, फिर अरदास हुई। भिलाई से पहुंचे प्रकाश सिंह, कांकेर के भवनदीप सिंह, मनीष साहू ने कीर्तन किया। उसके उपरांत आम लंगर का आयोजन हुआ जो शाम तक चला। गुरूद्वारा में सिख समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शरीक हुए।

## भगवान बिरसा मुंडा की मनी जयंती, किया गया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्वाधीनता संग्राम के महानायक, जनजातीय अस्मिता के सशक्त प्रहरी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर और शिव सेना द्वारा उनकी छायाचित्र का पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर नमन किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पांडे, भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, दुर्गूकोंदल मंडल अध्यक्ष पिलम नरेटी, भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन, युवा मोर्चा प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी देवेंद्र टेकाम, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा चैतूराम आंचला, युवा मोर्चा और मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संतोष बाजपेई जिला प्रशिक्षण प्रभारी रोशन मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी युवामोर्चा व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

वही भानुप्रतापपुर शिवसेना पार्टी द्वारा आजादी की लड़ाई लड़ने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलते हुए भारत को विश्व में अग्रणी बनाने के लिए गांव गांव में अभियान चलाया रही है। इसी तारतम में शिवसेना भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया।

## जिला स्तरीय गोर्वधन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य का हुआ आयोजन, निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

जिला यादव समाज के तत्वावधान में 42 वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गोर्वधन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य 15 नवम्बर दिन शुक्रवार को स्थान कलमीपारा दुधावा में यादव समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया।

समाज के द्वारा सर्वप्रथम शुक्रवार को प्रातः 10 बजे शोभा यात्रा, मंगल कलश यात्रा एवं यादव शौर्य नृत्य एवं शीतला माता देवी, देवता डांग डोली सहित यादव समाज व्दारा शीतला मंदिर से श्रीकृष्ण मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात शोभा यात्रा कृष्ण मंदिर से वापिस कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां गोर्वधन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य की कार्यक्रम सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम,अध्यक्षता रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष एवं सर्व समाज प्रदेश अध्यक्ष, अति विशेष अतिथि गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग, विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, अकबर राम कोर्राम पूर्व आईजी एवं प्रदेश अध्यक्ष गोड़ महासभा, धनमती यादव जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि सभापति गरियाबंद, तारा ठाकुर सदस्य जिला पंचायत कांकेर, श्यामा बाई नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दुधावा, हीरा मरकाम पूर्व



जिला पंचायत सदस्य, सुदामा यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, महेंद्र यादव सम्भागीय अध्यक्ष बस्तर, लतेल यादव संभागीय संरक्षक बस्तर, सूरज यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, देवेन्द्र यादव सलाहकार, धृपाल यादव अंकेक्षक, त्रिभुवन शंकर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, नरेश यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, संजू लता नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर, संजू गोपाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर, किशोर भास्कर जनपद सदस्य नरहरपुर, दुलमत यादव संरक्षक महिला प्रकोष्ठ, दुकालू राम नेताम ग्रामीण अध्यक्ष दुधावा, निरंजन गंजीर उप सरपंच दुधावा, लक्ष्मण साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष दुधावा, कर्ण कुमार साहू, फत्ते सिंह मरकाम, खेमू राम साहू संरक्षक ग्राम समाज दुधावा, जंगलू राम नेताम ग्राम पटेल, लक्ष्मी नेताम, मोहन नेताम ग्राम गायता, असलम दास बघेल कोटवार, हेमलाल रजक ग्रामीण सचिव, गंगा राम यादव ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में हुआ।

## जनजाति गौरव दिवस पर अभाविप ने रैली निकाल बिरसा मुंडा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






बिरसामुंडा की जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 15 नवम्बर को रैली निकाली एवं शहीद गुण्डाधुर की मूर्ति एवं बिरसामुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

अभाविप की रैलीहेलीपैड ग्राउंड से निकल कर पीजी कॉलेज के मार्ग से घड़ी चौक पहुँची जहाँ शहीद गुंडाधुर एवं भगवान बिरसमुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जनजाति सुरक्षा मंच के जिला सह संयोजक ईश्वर कावड़े ने कहा कि आज बिरसमुंडा की जयंती है, उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ी। बिरसा ने मुंडा आदिवासियों को जल, जंगल की रक्षा के लिए प्रेरित किया और उलगुलान नाम से एक आंदोलन शुरुआत किया था। यह आंदोलन अंग्रेजी शासन और मिशनकारियों के खिलाफ था। आज के इस दिवस को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जो हर्ष का विषय है। कार्यक्रम के समस्त अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दुर्गेश अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अभाविप के जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस पर हमें जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करना चाहिए एवं जनजाति समाज के उन वीरों को नमन करना चाहिए जिन्होंने कभी अंग्रेजो की दासता स्वीकार नही की और उनके विरुद्ध युद्ध किया जिसमें वीरगति को प्राप्त हुए। हमें जो इतिहास पढ़ाया गया वो अंग्रेजी विचारकों और लेखकों के द्वारा लिखा गया था, जिसमें जनजाति समाज को पिछड़ा और असभ्य दिखाया गया, परंतु जनजाति समाज वास्तव में ऐसा समाज है, जिससे सामाजिक व्यवस्था हम सबको सीखने की आवश्यकता है। जनजाति समाज वास्तव में एक सभ्य समाज है, जिसका इतिहास गौरवशाली रहा है।

कार्यक्रम में कुंफु प्रशिक्षक अमर, रिसिक तिवारी, हर्ष सिन्हा, ओमकृष्ण जैन, नंदनी रजक, चंचल दर्रो, किरण जैन, कशिश पाण्डे, देवराज नेताम, सूरज, लेखांक जैन एवं अन्य कार्यकर्ता अपस्थित रहे।

## चाकू से हमला करने वाला व सहयोगी आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के नया बस स्टैण्ड के पास मोमोज दुकान के पास मोमोज खाने की बात को लेकर मारपीट व धारदार चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा।

शिकायत करने 12 नवंबर को थाना पहुंचे लोकनाथ डे ने पुलिस को बताया था कि 12 नवंबर की शाम पौने 8 बजे अपने दोस्त रजत सिंह राजपूत के साथ नया बस स्टैण्ड कांकेर के पास मोमोज दुकान में मोमोस खा रहे थे। उसी समय एमजी वार्ड कांकेर का बलला मांडवी व उनके दो साथियों के द्वारा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और धारदार हथियार से हमला किया है। शिकायत पर कांकेर थाना में अपराध क्रमांक 398/24धारा 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस ,25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी आतुरगांव निवासी 20 वर्षीय महेश यादव उर्फ चिंगरी पिता राजू यादव, शंति नगर निवासी 19 वर्षीय चिंटू विश्वकर्मा पिता साधुराम विश्वकर्मा और शांति नगर निवासी 19 वर्षीय संतोष मरकाम पिता विजय मरकाम को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी चिंटू विश्वकर्मा के ने बताया कि अपने साथी महेश यादव उर्फ चिंगरी तथा संतोष मरकाम के साथ 12 नवंबर को शाम पौने 8 बजे नया बस स्टैंड कांकेर के पास मोमोज दुकान में मोमोज खाने के विवाद में तीनों एक राय होकर पीड़ित के साथ मारपीट कर आरोपी चिंटू विश्वकर्मा के द्वारा अपने पास रखे चाकू से लोकनाथ डे के बांह में वार कर चोट पहुंचाया। आरोपियों की संलिपिता पाए जाने से अपराध क्रमांक 401/ 24 धारा 296, 115 (2 ), 351 (3), 3(5), 309 (4) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट में लिए गए आरोपी चिंटू विश्वकर्मा का मेमोरेंडम कथन तथा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग चाकू जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपी महेश यादव, चिंटू विश्वकर्मा और संतोष मरकाम का घटना में सम्मिलितता पाए जाने से न्यायालय से आरोपिओं का फॉर्मल गिरफ्तारी की अनुमति प्राप्त कर आरोपी चिंटू विश्वकर्मा, महेश यादव उर्फ चिंगारी, संतोष मरकाम को 15 नवंबर को गिरफ्तार किया गया।

## बाल दिवस पर बच्चों ने फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी



**कांकेर।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर पैराडाइज हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 14 नवम्बर को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। मिडिल एवं हाई एवं हायर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने आनंद मेला में 20 स्टॉल लगाए, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्कूल के बच्चों एवं पालकों को परोसा गया।

बाल दिवस के शुभ अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक ने बच्चों को चाचा नेहरू की जीवन के प्रेरणादायक कार्यो के बारे में बताया कि वे बच्चों से बहुत ही प्रेम करते थे, इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर स्कूल परिसर मे आए अतिथि हलधर साहू, राज कुमार फब्यानी, अशोक राठी ने बच्चों एवं स्कूल परिवार को बाल दिवस की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में रीना लारिया, अन्नु गुप्ता एवं हर्षा कोठारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

बाल दिवस का शुभ अवसर पर प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षा के अधिक से अधिक बच्चों ने चाचा नेहरू बनकर फैंसी ड्रेस में भाग लिया। मिडिल स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्कम में भाग लेकर बाल दिवस के अवसर के सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा इस आनंद मेला में साइंस मॉडल, रोबोटिक्स लैब, जीम सामाग्री की प्रदर्शिनी लगाई गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, एस मर्सी, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्ज्वल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, रीया सोनी, प्रीतिलता, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेंकेटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, देवश्री साहू, निधि साहू, प्रियंका श्रीवास्तव, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, संतोष ठाकुर, यामुना बिलोधिया, अभिनव सिंह, आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पीएमश्री शाला दुर्गूकोंदल में मनाया बाल दिवस

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में भव्य रुप से बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संस्था के प्राचार्य एसडी दास ने कहा कि पंडित नेहरू का बच्चों के प्रति विशेष स्नेह था और उन्हें बच्चों के विकास में विशेष रुचि थी। उनका मानना था कि अगर बच्चों को सही दिशा और शिक्षा मिलती है, तो वे समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में शाला समिति अध्यक्ष अशोक जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि बाल दिवस का महत्व सिर्फ यह नहीं है कि हम इस दिन का जश्न मनाते हैं, बल्कि यह हमें यह भी याद दिलाता है कि बच्चों को उनके अधिकार मिलें, उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रयास किए जाएं। हमें यह समझना होगा कि हम युवा पीढ़ी के रूप में समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हमारे पास अपनी मेहनत और ज्ञान से समाज में परिवर्तन लाने की ताकत है।

## प्राथमिक शाला कंडेल में बाल दिवस मनाया




**चारामा।** प्राथमिक शाला कंडेल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर तरीके से भाषणों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए और पंडित नेहरू के जीवन व योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बच्चों ने पंडित नेहरू के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि देश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता संग्राम में कई बार जेल की यात्रा की और देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपना अतुलनीय योगदान दिया। उनके द्वारा लिखित पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया उस समय काफी लोकप्रिय हुई। पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत भी उन्हीं के नेतृत्व में हुई। बच्चों के प्रति उनके असीम प्रेम के कारण उनका जन्मदिन पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक सुनीता नेताम, सहायक शिक्षक गोविंद साहू, स्वीपर धनेश मानिकपुरी, जयप्रकाश गावड़े व अन्य लोग उपस्थित रहें।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज



By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
28 नवंबर 2024
09 दिसंबर 2024
16 दिसंबर 2025
10 जनवरी 2025
21 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशिः-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511